जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/2018/1840 **दिनांक : 21.12.2018**

प्रति,

आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- आपके महाविद्यालय में स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर ए0टी0के0टी परीक्षा दिसम्बर-2018 में सम्मलित छात्र/छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय में जमा करने बावत् निर्देश।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर ए0टी0के0टी परीक्षा **दिसम्बर-2018** में सम्मलित छात्र/छात्राऐं जिनको आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थिति/अनुर्त्तीण होने के कारण ए0टी0के0टी की पात्रता है। ऐसे छात्र/छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पादित कराकर आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनांक **10 जनवरी 2018** तक गोपनीय विभाग के प्रयोगिक सेल में जमा करावें।

महाविद्यालय प्राचार्य यह भी सुनिश्चित करें कि, आपके महाविद्यालय में ऐसे छात्र/छात्राऐं जो प्रायोगिक परीक्षा में अनुर्त्तीण अथवा अनुपस्थित है, उनके प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित किये गये है या नहीं यदि प्रायोगिक परीक्षा नहीं हुई है तो आप अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालयों में ऐसे परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मलित करावें।

नोटः-यदि महाविद्यालय किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में जमा नहीं करता है तो ऐसे छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा तथा ऐसेकिसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे।

आपसे अनुरोध है कि, परीक्षा जैसे अत्यावशक कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा परीक्षा कार्य को समयावधि में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)